संख्या–853/तीस–3–11–5बी/10

प्रेषक,

शिवानन्द ओझा,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग–3

लखनऊः दिनांकः 08-अप्रैल, 2011

विषयः–वित्तीय वर्ष 2011–12 के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा योजना हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–56नजारत/2011–17नजारत/2007 दिनांक 8–4–2011का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा सड़क सुरक्षा योजना के अन्तर्गत विज्ञापन, बिकी और विख्यापन व्यय हेतु धनराशि रू0 10.00 लाख(रू0दस लाख मात्र) तथा अन्य व्यय हेतु धनराशि रू0 10.00(रू0दस लाख मात्र) कुल धनराशि रू0 20.00 (रूपये बीस लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सड़कों पर यातायात के दबाव पर नियन्त्रण रखने के लिए जनसामान्य को यातायात नियमों की जानकारी विज्ञापन साहित्य, सेमिनार, वाद–विवाद प्रतियोगिता, खेलकूद कार्यक्रम आदि के माध्यम से देने तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों से अवगत कराने हेतु सड़क सुरक्षा योजना के लिए श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय–व्ययक में निम्नांकित मदों में प्रावधानित धनराशि रू0 20.00 लाख (रूपये बीस लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

19–विज्ञापन, बिकी और विख्यापन व्यय	रू0 10.00 लाख
42–अन्य व्यय	रू0 10.00 लाख

3– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–43 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक–3055–सड़क परिवहन–आयोजनागत–001–निदेशन तथा प्रशासन–03–अधिष्ठान व्यय–19–विज्ञापन, बिकी और विख्यापन व्यय एवं 42–अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

4– यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिहित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(शिवानन्द ओझा)
विशेष सचिव।

संख्या–853(1)/तीस–3–11 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2– महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
3– मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4– नियोजन अनुभाग–4
5– वित्त नियन्त्रक, कार्यालय परिवहन आयुक्त, लखनऊ।
6– वित्त (व्यय–नियन्त्रण) अनुभाग–9
7– निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, लखनऊ।
8– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कुलदीप एन0 अवस्थी)
उप सचिव।